# के.डी.न्यूज

सुलतानपुर से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

UPHIN 47497

वर्ष–01 अंक 45 सुलतानपुर शुक्रवार 20 दिसम्बर 2024 मूल्य : दो रूपया पृष्ठ : 4


## नौका दुर्घटना: प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की

***प्रधानमंत्री ने मुंबई में नौका दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक व्यक्तिके निकट परिजन के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दिए जाने की घोषणा की है और घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाएंगे।***



नई दिल्ली 19 दिसम्बर(एजेंसी)प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मुंबई तट के पास हुई नौका दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।नौसेना ने कहा कि मुंबई तट के समीप बुधवार को नौसेना के एक पोत के एक नौका से टकराने के कारण 13 लोगों की मौत` गई जबकि 99 अन्य लोगों को बचा लिया गया।नौसेना की ओर से जारी किए गए एक बयान में कहा गया कि नौसेना का पोत इंजन परीक्षण के लिए जा रहा था, लेकिन तभी शाम चार बजे इसने नियंत्रण खो दिया और करंजा के पास यह नीलकमल नामक नौका से टकरा गया।यह नौका यात्रियों को गेटवे ऑफ इंडिया से लोकप्रिय पर्यटन स्थल 'एलीफेंटा' द्वीप पर लेकर जा रही थी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर उनके हवाले से एक पोस्ट में कहा, ''मुंबई में हुई नौका दुर्घटना दुखद है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द स्वस्थ हो जाएं। प्रभावितों को सहायता प्रदान की जा रही है।''प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा, ''प्रधानमंत्री ने मुंबई में नौका दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के निकट परिजन के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष से दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दिए जाने की घोषणा की है और घायलों को 50–50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

## धक्कामुक्की कांड पर कांग्रेस की सफाई पर बीजेपी का काउंटर अटैक, पूछा- अब गुडे संसद जाएंगे?

***आज मेरा मन भारी है, व्यथित है, पीड़ा से भरा हुआ है। मैं एक दर्जन बार लोकसभा और विधानसभा का सदस्य रहा हूं। मैंने सांसदों और विधायकों के व्यवहार और आचरण को देखा है। लेकिन आज जो संसद में हुआ उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। अशालीन, अशोभनीय और गुंडागर्दी से भरा व्यवहार किया गया। जिसकी सभ्य समाज कल्पना भी नहीं कर सकता।***




नई दिल्ली 19 दिसम्बर(एजेंसी)केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने अभी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। हमें लगा कि वे आज की घटना पर माफी मांगेंगे। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। मुझे समझ नहीं आया कि उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस क्यों की। उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनका अहंकार झलक रहा था। मैं उनका व्यवहार देख रहा था। लेकिन आज उन्होंने (राहुल गांधी) जो किया वह सभ्य समाज के लिए अकल्पनीय है। आज जब भाजपा सांसद मकर द्वार पर विरोध कर रहे थे, तो राहुल गांधी वहां आ गए। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें अंदर जाने के लिए दूसरी जगह का इस्तेमाल करने को कहा। लेकिन वे जानबूझकर वहां आए। उस प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी उनका अहंकार झलक रहा था। आज मेरा मन भारी है, व्यथित है, पीड़ा से भरा हुआ है। मैं एक दर्जन बार लोकसभा और विधानसभा का सदस्य रहा हूं। मैंने सांसदों और विधायकों के व्यवहार और आचरण को देखा है। लेकिन आज जो संसद में हुआ उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। अशालीन, अशोभनीय और गुंडागर्दी से भरा व्यवहार किया गया। जिसकी सभ्य समाज कल्पना भी नहीं कर सकता।

मैं कई बार विधानसभा या लोकसभा का सदस्य रहा हूं। विधानसभा और संसद दोनों में मैंने सांसदों और विधायकों का आचरण देखा है। हालाँकि, आज संसद में जो हुआ वह अकल्पनीय था। यह एक अशोभनीय कृत्य था जिसे सभ्य समाज स्वीकार नहीं कर सकता। हमारी एक आदिवासी सांसद बहन श्रीमती कोन्याक ने जो कुछ कहा है, वो सुनकर व्यथा से हम भर जाते हैं। उन्होंने सभापति जी को शिकायत की है कि उनके साथ अशालीन, असभ्य, अमर्यादित व्यवहार किया गया। सभापति कह रहे हैं कि वह उनके पास रोती हुई आई थी। क्या महिला आदिवासी सांसद के साथ ऐसा व्यवहार किया जाएगा, क्या उनके इतने निकट पहुंचे कि वो असहज हो जाएं। मां–बहन–बेटी का सम्मान भारत की प्राथमिकता रही है। लेकिन महिला आदिवासी सांसद के साथ ऐसे व्यवहार की कोई कल्पना कर सकता है क्या? क्या हो गया है राहुल गांधी और कांग्रेस को?जब मैं देखने गया तो मुकेश राजपूत उस समय तक होश में नहीं थे। उनकी डत्प की जा रही है। क्या संसद में ऐसे दृश्य देखे जाएंगे, क्या तर्कों का सहारा लेने की बजाय शारीरिक ताकत का प्रयोग किया जाएगा। सांसदों को ये अधिकार है कि वो किसी बात पर विरोध प्रकट करें। कांग्रेस भी कई दिनों से विरोध प्रकट कर रही थी, मकर द्वार पर उनके सांसद एकत्र होते थे। तब हम लोगों को जाना होता था, तो हम द्वार बदल लेते थे या पास में जो `चंबम होता था उसमें से चुपचाप निकलकर अंदर चले जाते थे।

## अमित शाह पागल हो गए हैं, उन्हें राजनीति छोड़ देनी चाहिए, अंबेडकर विवाद पर लालू यादव का बयान

नई दिल्ली 19 दिसम्बर (एजेंसी)डॉ. बीआर अंबेडकर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी पर विवाद के बीच, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने गुरुवार को कहा कि अमित शाह पागल हो गए हैं, और उन्हें राजनीति छोड़ देनी चाहिए और इस्तीफा दे देना चाहिए। लालू यादव ने अमित शाह पर निशाना साधा, जिसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री ने मंगलवार को राज्यसभा में संविधान पर बहस का जवाब देते हुए कहा कि अंबेडकर का नाम लेना कांग्रेस के लिए ष्फैशनष बन गया है।समाचार एजेंसी एएनआई ने अपनी रिपोर्ट में लालू यादव के हवाले से कहा, ष्अमित शाह पागल हो गए हैं। उन्हें बाबासाहेब अंबेडकर से नफरत होनी चाहिए।इससे पहले, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शाह और भाजपा पर ष्संविधान विरोधीष होने और नफरत फैलाने का आरोप लगाया था। यादव ने एएनआई से कहा, ष्बाबासाहेब अंबेडकर हमारे फैशन और जुनून हैं। वे हमारी प्रेरणा और प्रेरणा भी हैं।

## किसान आंदोलन पर सुप्रीम कोर्ट बोला-सीधे हमारे पास आएं प्रदर्शनकारी



नई दिल्ली 19 दिसम्बर(एजेंसी)सुप्रीम कोर्ट ने खनौरी बॉर्डर पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की चिकित्सा जांच नहीं कराने पर पंजाब सरकार को फटकार लगाई। पंजाब के अधिकारियों के माध्यम से किसान नेता द्वारा मुद्दे के समाधान की इच्छा जताए जाने के बाद न्यायालय ने कहा कि डल्लेवाल के ठीक होने पर अदालत उनसे बात करेगी। कोई भी किसानों को विरोध प्रदर्शन से डिगाने की कोशिश नहीं कर रहा है, केवल उनके नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से कहा कि डल्लेवाल को कम से कम एक सप्ताह तक इलाज कराने के लिए राजी करें और अन्य लोग प्रदर्शन जारी रख सकते हैं। भारतीय किसान यूनियन (सिद्धूपुर) के प्रवक्ता गुरदीप सिंह चहल ने कहा कि गुरुवार को डल्लेवाल की तबीयत खराब होने पर भी वह लगभग 10 मिनट तक बेहोश रहे, सरकार के सूत्रों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश ने राज्य पर फिर से ध्यान केंद्रित कर दिया है। हालाँकि, यह कोई नई बात नहीं है। पंजाब पुलिस के अधिकारी सीमा पर आंदोलनकारी किसानों के संपर्क में हैं। लेकिन डल्लेवाल दृढ़ हैं। वह कोई चिकित्सीय सहायता नहीं लेना चाहता। काफी समझाने के बाद वह कुछ दिन पहले अपनी चिकित्सकीय जांच कराने के लिए सहमत हुए थे।सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पंजाब सरकार ने स्पेशल डीजीपी अर्पित शुक्ला को खनौरी बॉर्डर पर जाकर डल्लेवाल को मनाने की जिम्मेदारी सौंपी है। हालांकि, हमें उम्मीद नहीं है कि बहुत कुछ बदलने वाला है।

## अडानी का मुद्दा भटकाने के लिए बीजेपी ने ये सब रचा

### धक्का कांड पर राहुल बोले- चलाएंगे अभियान

**विपक्ष के नेता ने सत्तारूढ़ दल पर ऐसी विचारधारा का पालन करने का भी आरोप लगाया जो अंबेडकर विरोधी और संविधान विरोधीश है। राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की हालिया टिप्पणियों का जिक्र करते हुए, गांधी ने भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार डा. बीआर अंबेडकर द्वारा निर्धारित सिद्धांतों को ष्कमजोरष करने के लिए भाजपा की आलोचना की।**




नई दिल्ली 19 दिसम्बर(एजेंसी)संसद में बढ़ते तनाव के बीच, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को संसद परिसर के भीतर हुई कथित हाथापाई को संबोधित करने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मीडिया को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला किया, और सत्तारूढ़ पार्टी के सांसदों पर संसद में महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने के विपक्ष के प्रयासों में जानबूझकर बाधा डालने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि सरकार राष्ट्रीय चिंताओं से जनता का ध्यान भटकाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपना रही है।

विपक्ष के नेता ने सत्तारूढ़ दल पर ऐसी विचारधारा का पालन करने का भी आरोप लगाया जो अंबेडकर विरोधी और संविधान विरोधीश है। राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की हालिया टिप्पणियों का जिक्र करते हुए, गांधी ने भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार डॉ. बीआर अंबेडकर द्वारा निर्धारित सिद्धांतों को ष्कमजोरष करने के लिए भाजपा की आलोचना की। भाजपा के कार्य और नीतियां मौलिक रूप से समानता, न्याय और लोकतंत्र के उन मूल्यों के विपरीत हैं जिनके लिए अंबेडकर खड़े थे। गांधी ने भाजपा पर संयुक्त राज्य अमेरिका में उद्योगपति गौतम अडानी से जुड़े मामले से ध्यान भटकाने के लिए संसद में व्यवधान पैदा करने का भी आरोप लगाया। संवाददाता सम्मेलन में गांधी ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल ने इस मामले पर चर्चा को दबाने और अनावश्यक विवाद पैदा करने के लिए जानबूझकर प्रयास किए।

राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सरकार और खासकर प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह डॉ. बीआर अंबेडकर के बारे में जो बयान दे रहे हैं, वह बहुत दुखद है और उन्होंने (अमित शाह) कल तथ्यों को देखे बिना ही प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। जवाहरलाल नेहरू, डॉ. बीआर अंबेडकर को गाली देने से पहले उन्हें तथ्यों को देखना चाहिए।

## एडीओ पंचायत द्वारा की जनसुनवाई, कई मामलों का हुआ निस्तारण।

सुलतानपुर – ब्लाक कार्यालय कूरेभार में आज गुरुवार को एडीओ पंचायत प्रकाश कुमार मिश्र द्वारा दस बजे से ही अपने कार्यालय में पहुँच




कर आ रही है जनता की जनसुनवाई की।इस दौरान कुछ फरियादियों की शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया तो कुछ शिकायतों पर संबंधित सचिव के लिए जांच के लिए लिखापढ़ी की। एडीओ पंचायत प्रकाश मिश्र का कहना है कि हमारा प्रयास है आई हुई जनता के समस्याओं को सा समय निस्तारण करना, साथ ही जो शिकायतें बची हैं उनको जल्द निस्तारण करना।

## जनपद न्यायाधीश द्वारा कारागार का किया आकस्मिक निरीक्षण,बन्दियों के लिए खुली आधुनिक लाइब्रेरी का हुआ उद्घाटन।



सुलतानपुर –जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में जिलाधिकारी सुलतानपुरध्अमेठी, पुलिस अधीक्षक सुलतानपुरध अमेठी, द्वारा बुधवार को सायंकाल जिला कारागार सुलतानपुर का आकस्मिक रूप से संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाकशाला का निरीक्षण किया गया पाकशाला में बन रहे भोजन की मात्रा एवं गुणवत्ता तथा सफाई पर संतोष व्यक्त किया गया। कारागार की समस्त बैरकों में जाकर बन्दियों से उनके विधिक समस्याओं, रहन–सहन, खान–पान, स्वास्थ्य एवं अन्य व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में गहनता से पूछताछ की गयी। निरीक्षण के दौरान किसी भी बंदी द्वारा किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं बतायी गयी। जिला कारागार सुलतानपुर के परिसर में नवनिर्मित आधुनिक लाइब्रेरी का जनपद न्यायाधीश द्वारा जनपदीय उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण ध पूजन कर उद्घाटन किया गया। जेल अधीक्षक प्रान्जिल अरविन्द ने बताया कि इस लाइब्रेरी का उद्देश्य बन्दियों को आध्यात्मिक, धार्मिक, साहित्यिक, राजनीतिक, उपन्यास, कहानियाँ, महापुरूषों की आत्मकथाएं एवं जीवनियाँ, ऐतिहासिक एवं नैतिक शिक्षा इत्यादि से सम्बन्धित पुस्तकें प्राप्त हो सकेंगी, जिनके अध्ययन से कारागार में निरूद्ध बन्दियों के मन–मस्तिष्क में न सिर्फ एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा,

अपितु उनसे उनकी अपराधिक मनोवृत्ति भी कम होगी। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश सुलतानपुर लक्ष्मीकान्त शुक्ला, ए०डी०जे० ध सचिव डी०एल०एस०ए० (क्सै।) विजय कुमार गुप्ता, प्र० मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुलतानपुर मुक्ता त्यागी, जिलाधिकारी सुलतानपुर कृत्तिका ज्योत्सना, पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर सोमेन वर्मा, जिलाधिकारी अमेठी अनूप कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक अमेठी निशा अनन्त, जेल अधीक्षक प्रान्जिल अरविन्द, जेलर नीरज कुमार श्रीवास्तव, व कारागार के अन्य अधिकारी ध कर्मचारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस युवा नेता प्रभात पाडेय की मौत के बाद राजनीतिक तनाव, अंतिम संस्कार में हुआ विवाद

पिपरौली। कांग्रेस के विधानसभा घेराव के दौरान कांग्रेस के युवा नेता प्रभात पांडेय की संदिग्ध मौत के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। 31 वर्षीय प्रभात पांडेय का शव उनके गोरखपुर स्थित देईपार गांव पहुंचते ही परिवार में गहरा शोक छा गया। उनके शव का अंतिम संस्कार गीड़ा क्षेत्र के कालेसर में हुआ, जहां दो राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच नोकझोंक और नारेबाजी से स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। इस दौरान पुलिस और प्रशासन की कड़ी सुरक्षा मौजूद रही, जिससे स्थिति नियंत्रण में रही।प्रभात पांडेय की मौत के बाद उनकी चाचा मनीष पांडे ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि प्रभात की मौत कांग्रेस कार्यालय में बेहोश होने के बाद हुई, जहां वे दो घंटे तक लापता रहे थे। बाद में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस बीच, पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी कराई गई, जिसमें डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी मौजूद रहे। पुलिस



ने इस मामले में किसी भी तरह के बल प्रयोग से इंकार किया है और कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की असली वजह का खुलासा होगा।मृतक के चाचा मनीष पांडे ने बताया कि उन्हें कांग्रेस कार्यालय से फोन आया था कि उनका भतीजा दो घंटे से बेहोश पड़ा है। जब वे उसे अस्पताल लेकर गए, तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मनीष ने यह भी कहा कि उन्हें इस मामले में निष्पक्ष जांच चाहिए और इस पर कोई राजनीति नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि यदि प्रभात दो घंटे तक बेहोश था, तो उसे अस्पताल क्यों नहीं ले जाया गया।प्रभात पांडेय का अंतिम संस्कार गीड़ा क्षेत्र के कालेसर में हुआ, जहां उनके पिता दीपक पांडे ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान कुछ लोग ष्कांग्रेस ही हत्यारी है, गला दबा के मारी हैष और ष्अजय राय वापस जाओष जैसे नारे लगाने लगे, जिससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया। इस नारेबाजी ने राजनीतिक दलों के बीच टकराव को और बढ़ा दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सहजनवा थाना अध्यक्ष विशाल उपाध्याय, गीड़ा थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह और एसपी नॉर्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव मौके पर मौजूद रहे। साथ ही, प्रशासनिक अधिकारी जैसे सहजनवा के एसडीएम, तहसीलदार और हल्का लेखपाल राघवेंद्र शुक्ला भी शांति बनाए रखने के लिए निगरानी कर रहे थे। प्रशासन ने दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की और किसी भी अप्रिय घटना पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।प्रभात पांडेय की मौत के बाद कांग्रेस पार्टी ने भाजपा सरकार पर पुलिस द्वारा बल प्रयोग करने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेताओं ने इसे भाजपाराज में पुलिस की बर्बरता करार दिया, वहीं राहुल और प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर इस घटना पर चिंता जताई। पुलिस ने इस पूरे मामले में अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। यूपी पुलिस के आलाधिकारियों ने भी कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत की असली वजह का पता चलेगा।प्रभात पांडेय की मौत के बाद राजनीतिक विवाद तेज हो गया है, और मामले की जांच में विभिन्न सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी और पुलिस के बीच आरोप–प्रत्यारोप की स्थिति बनी हुई है, और यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि जांच के दौरान क्या तथ्य सामने आते हैं। वहीं, प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में रखते हुए शांति बनाए रखने की कोशिश की है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।




# कुछ भी कहो, सरकारी तंत्र में नहीं घटा भ्रष्टाचार

अशोक मधुप ।

सरकारी एजेंसियों के साथ काम करते समय कंपनियों के काम जानबूझ कर रोके जाते हैं और रिश्वत लेने के बाद ही फाइल को मंजूरी दी जाती है। सीसीटीवी कैमरों लगाने से सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार कम नहीं हुआ है।केंद्र और भाजपा शासित राज्यों की सरकारें कितना ही भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने का दावा करें किंतु सच्चाई इसके वितरीत है। एक सर्वे में दावा किया गया है कि 100 में से 66 लोगों को अपना काम कराने के लिए सरकारी तंत्र को रिश्वत देनी पड़ती है किंतु सच्चाई इसके विपरीत है। शायद ही कोई विभाग ऐसा होगा जहां बिना रिश्वत दिए काम हो जाए। सब जगह हालत बहुत खराब है। गैर भाजपा राज्यों की तरह भाजपा शासित राज्यों में भी प्रशासनिक तंत्र में भ्रष्टाचर का बोलबाला है। सरकारें मौन हैं।

देश में केंद्र और राज्य सरकारें कारोबार में सहूलियत और निजी क्षेत्र के निवेश में तेजी लाने पर जोर दे रहीं हैं। वहीं भ्रष्ट सरकारी मशीनरी अपनी पूरी क्षमता का इस्तेमाल कंपनियों और उद्यमियों से अवैध तरीके से पैसे उगाहने में लगी हैं, जिसके चलते देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने की सिंगल विंडो क्लियरेंस और ईज आफ डुइंग बिजनेस जैसे प्रयासों को पलीता लग रहा है। एक सर्वे में यह बात सामने आई है कि करीब 66 प्रतिशत कंपनियों को सरकारी सेवाओं का लाभ लेने के लिए रिश्वत देनी पड़ती है। कंपनियों ने दावा किया कि उन्होंने सप्लायर क्वॉलीकेशन, कोटेशन, ऑर्डर प्राप्त करने तथा भुगतान के लिए रिश्वत दी है। लोकल सर्कल्स की रिपोर्ट के अनुसार कुल रिश्वत का 75 प्रतिशत कानूनी, माप–तौल, खाद्य, दवा, स्वास्थ्य आदि सरकारी विभागों के अधिकारियों को दी गई।

जांच रिपोर्ट कहती है कि कई कारोबारियों ने जीएसटी अधिकारियों, प्रदूषण विभाग, नगर निगम और बिजली विभाग को रिश्वत देने की भी सूचना दी है। पिछले 12 महीनों में जिन कंपनियों ने रिश्वत दी, उनमें से 54 प्रतिशत को ऐसा करने के लिए मजबूर किया गया, जबकि 46 प्रतिशत ने समय पर काम पूरा करने के लिए भुगतान किया। इस तरह की रिश्वत जबरन वसूली के बराबर है।

सरकारी एजेंसियों के साथ काम करते समय कंपनियों के काम जानबूझ कर रोके जाते हैं और रिश्वत लेने के बाद ही फाइल को मंजूरी दी जाती है। सीसीटीवी कैमरों लगाने से सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार कम नहीं हुआ है। सर्वे में दावा किया गया है कि सीसीटीवी से दूर, बंद दरवाजों के पीछे रिश्वत दी जाती है।रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि सरकारी ई–प्रोक्योरमेंट मार्केटप्लेस जैसी पहल भ्रष्टाचार को कम करने के लिए अच्छे कदम हैं, लेकिन सरकारी विभागों में रिश्वत लेने के रास्ते खुले हुए हैं। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर डेलायट इंडिया के पार्टनर आकाश शर्मा ने कहना है कि बहुत सी कंपनियों को लगता है कि नीतियों और प्रक्रिया के मामलों में थोड़ा पैसा देते रहने नियम कानून के मोर्चे पर कड़ी जांच पड़ताल और जुर्माने से बच जाएंगे। सर्वे में 18,000 कारोबारियों के जवाब को शामिल किया गया है। सर्वे देश के 159 जिलों में हुआ है।व्यवसायों ने पिछले 12 महीनों में आपूर्तिकर्ता के रूप में अर्हता प्राप्त करने, कोटेशन और ऑर्डर सुरक्षित करने तथा भुगतान एकत्र करने के लिए विभिन्न प्रकार की संस्थाओं को रिश्वत देने की बात स्वीकार की है। यह सर्वेक्षण 22 मई से 30 नवंबर 2024 के बीच किया गया था। सर्वेक्षण में भाग लेने वाली व्यावसायिक फर्मों ने कहा कि 75 प्रतिशत रिश्वत कानूनी, मेट्रोलॉजी, खाद्य, औषधि, स्वास्थ्य आदि विभागों के अधिकारियों को दी गई।सरकारी विभागों को घूस देने वाले कारोबारियों का प्रतिशत इस प्रकार है। कानूनी, माप तौल, खाद्य, दवा और स्वास्थ्य विभाग– 75, लेबर और पीएफ विभाग– 69, संपत्ति और भूमि पंजीकरणदृ 68, जीएसटी अधिकारी– 62, प्रदूषण विभाग– 59, नगर निगम– 57, इनकम टैक्स– 47, अग्नि शमन– 45, पुलिस– 43, परिवहन– 42, बिजली– 41, आबकारी– 38।

ये आंकड़े कुछ भी हों, सच्चाई इससे भी बदतर है। ये बड़े स्तर की बात है। स्थानीय स्तर पर तो हालत इससे भी खराब है। भाजपा शासित प्रदेश वाले राज्यों में तो सपा.बसपा शासन काल में जहां गलत काम एक हजार रूपये में हो जाता था, अब भाजपा शासन में गलत काम तो होता ही नहीं, सही काम कराने के भी एक हजार की जगह बीस हजार रूपये दिए जाते हैं। बिजली के कनेक्शन के लिए आवेदन करिये। ये बहुत छोटा काम है, किंतु बिजली इंस्पेक्टर को रिश्वत दिए कनेक्शन स्वीकृत नहीं होगा। बिजली की फीटिंग किसी से भी कराएं किंतु बिजली विभाग के अधिकृत ठेकेदार से बिजली फीटिंग का प्रमाणापत्र लेना होता है। यही ठेकेदार बिजली इंस्पेक्टर का भाग भी आपसे ले लेता है। रजिस्ट्रार आफिस में धड़ल्ले से बैनामे की राशि का दो प्रतिशत वसूला जाता है। यह राशि अधिकारी सीधे नही लेते। बैनामा लिखने वाला कातिब लेता है। शाम को बैठकर आराम से दिन भर का लेन.देन हो जाता है। एनओसी देने वाले विभागों की तो हालत और भी खराब है। फायर विभाग के अधिकारियों ने तो अपने ठेकेदार रख लिए हैं। अग्नि सुरक्षा का सारा काम ये ही कराते हैं। इसके बाद भी एनओसी साइन करने के लिए लाखों रूपया वसूला जाता है। और तो और अग्निशमन अधिकारी एनओसी देने से पहले फायर उपकरण अपने चहेते ठेकेदार से सप्लाई कराते हैं। स्थानीय निकाय में निर्माण कार्यों में 45 से 55 प्रतिशत सरे आम कमीशन लिया जा रहा है।

केंद्र और प्रदेश सरकार के आदेश हैं कि सरकारी खरीद जेम पार्टल से हो। इसका भी रास्ता निकल गया। कंपनी के एजेंट अधिकारियों से मिलते हैं। कमीशन तै होता है। अधिकारी अपना जैम पोर्टल का पासवर्ड कंपनी के एजेंट को बता देते हैं। एजेंट पासवर्ड लेकर जैम पार्टल से ही अपनी फर्म से खरीदारी करता है। सामान के रेट में अधिकारियों का कमीशन जुड़ जाता है। सब वैसे ही चल रहा है। कहीं कुछ नहीं बदला। सरकार भ्रष्टाचार रोकने को आदेश बाद में करती है। अधिकारी और सप्लायर रास्ता पहले निकाल लेतें हैं। उत्तर प्रदेश में आदेश हो गए कि सामान प्रदेश स्तर से खरीदा जाएगा। अब काम और भी सरल हो गया। पहले जिलों में अधिकारियों से संपर्क कर माल सप्लाई होता था। अब अकेले प्रदेश स्तर में ही जुगाड़ करना पड़ता है। इसी का कारण है कि जिलों के अस्पतालों में वितरण के लिए वे दवाई आती हैं, जिनकी एक्सपायर डेट नजदीक होती है। दवा आने के साथ ही आदेश आते हैं कि दवा की एक्सपायर डेट नजदीक है। जल्दी बांटकर दवा खत्म करो। सरकारी अस्पतालों में मरीजों को घटिया क्वालिटी के भोजन वितरण की शिकायत आम बात हैं किंतु कुछ होता नहीं। लेखक एक दिन दूधिए से बात कर रहा था। लेखक ने दूधिए से पूछा कि किसी को कुछ देना तो नहीं पड़ता। उसने कहा कि तीन इंस्पेक्टर हैं। दो प्रतिमाह 1500.1500 रूपये लेते हैं। और तीसरा दो हजार। मैंने पूछा कितने दूधिए हैं। उसने कहा कि बिजनौर जैसे छोटे शहर में तीन हजार दूधिए दूध सप्लाई करते हैं। पासपोर्ट के आवेदन के वेरीफिकेशन के लिए पुलिस और एलआइयू में जाकर देखिए। ऐसे ही पुलिस में चरित्र की जांच के लिए जाइए। बिना लिए.दिए कुछ नहीं होगा।भ्रष्टाचार की इससे बड़ी सीमा क्या होगी, कि अधिकारियों ने राइफल एसोसिएशन के नाम पर शास्त्रों के लाइसेंस बनाने पर 10 से 30 हजार रूपये तक कुछ जगह वसूलने शुरू कर दिए। शस्त्र नवीनीकरण पर तो शुल्क एसोसिएशन शुल्क लंबे समय से लिया जा रहा है। इस एसोसिएशन में जमा धन का न कोई हिसाब है न ही कोई आडिट। ऐसे ही जनपद के नाम पर कल्याण समिति बना ली। हैसियत और वारिसैन बनवाने आने वालों से बड़ी रकम वसूलनी शुरू कर दी। ये रकम अधिकारियों के ऐश.और आराम पर खर्च होने लगी। अधिकारियों की कोठी में थोक में एयर कंडीशन लगने लगे।

## सम्पादकीय

### कनाडा में सिख समुदाय आतंकियों के दबाव से त्रस्त

तेईस जून, 1985 को कनिष्क एअर इंडिया 182 विमान में उड़ते समय भयंकर विस्फोट हुआ जिससे हवाई जहाज अटलांटिक सागर में आयरलैंड के तटीय क्षेत्र के पास गिरा और उसमें सवार सभी 329 व्यक्ति मारे गए। इनमें से अधिकतर भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे।

जिन परिवारों के सदस्य मारे गए आज भी उन्हें न्याय नहीं मिला। इसके अतिरिक्त, यह भी समय–समय पर प्राप्त होने वाले तथ्यों से स्पष्ट होता रहा है कि यदि कनाडा की गुप्तचर और पुलिस एजेंसियों ने समुचित कार्रवाई की होती तो बड़ी संभावना यह होती कि इस हादसे को रोका जा सकता था।कनाडा के पब्लिक सेफ्टी मंत्रालय ने ओंटारियो के पूर्व मंत्री बाब रे को इस त्रासदी की जांच का काम सौंपा था। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि कनाडा गुप्तचर संस्थान (सीएसआईएस–कनाडियन सेक्युरिटी इंटेलीजेंस सर्विस) के अधिकारियों ने ऐसे दो खालिस्तानियों का पीछा किया जो उनके संदेह के दायरे में थे। दोनों एक टापूनुमा वीरान जंगली क्षेत्र में पहुंचे। यहां तक गुप्तचरों ने उनका पीछा किया। फिर जहां ये खालिस्तानी गए थे वहां से बड़े धमाके की आवाज आई। कोई बच्चा भी कहेगा कि इस धमाके की आवाज आने से पूछताछ की जरूरत और बढ़ गई थी पर इन गुप्तचरों ने ऐसा कुछ नहीं किया और आगे कोई कार्रवाई ही नहीं की। अब जब अन्य तथ्य सामने आ चुके हैं तो स्पष्ट है, जैसा कि जांच रिपोर्ट में भी कहा गया है, कि यह सुनसान इलाके में बम टेस्ट करने का प्रयास था क्योंकि दो वायुयानों में बम रखने की तैयारियां उस समय पूरे जोरों पर थीं। यदि समय पर इन खालिस्तानियों से भली–भांति पूछताछ कर ली जाती तो षडयंत्र को उसी समय रोक पाने की संभावना थी।

एक अन्य बड़ा मुद्दा है कि गुप्तचर एजेंसी सीएसआईएस ने पहले टेपों पर खालिस्तानी षडयंत्रकारियों की बहुत सी बातचीत रिकार्ड भी की थी और फिर इससे पहले कि इस रिकार्डिंग का समुचित विश्लेषण हो पाता, इनको नष्ट कर दिया गया। जांच रिपोर्ट ने इस बारे में इस केस की सुनवाई कर रहे जस्टिस जैसिफसन की टिप्पणी की ओर ध्यान दिलाया है, जिन्होंने इसे ऐसी लापरवाही बताया था, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। आखिर, इतनी बड़ी लापरवाही कैसे हो गई, इस पर चर्चा हुई तो सीएसआईएस का यह पक्ष सामने आया कि उसके एक एजेंट ने खालिस्तानी षडयंत्रकारियों में घुसपैठ कर ली थी, हालांकि कनिष्क हादसे से तीन दिन पहले उसे अलग कर लिया गया। सीएसआईएस का पक्ष, जो प्रकाशित रिपोटरे में बताया गया है (जैसा बीबीसी की एक रिपोर्ट में भी छपा) कि उसने अपने इस एजेंट के बचाव के लिए टेप नष्ट किए।

पर ज्यादा महत्त्वपूर्ण बात यह है कि एजेंट के पास जो जानकारी थी, उसका भरपूर उपयोग किया जाता तो इतना समय जरूर मिलता कि षडयंत्र का पता लगा कर उसे नाकाम कर दिया जाता। पर ऐसा नहीं हुआ। जांच रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जो जानकारी सीएसआईएस के पास होती थी वह कनाडियन पुलिस (आरसीएमपी) के साथ ठीक से शेयर नहीं की जाती थी। कनाडा के उच्च स्तर के कुछ सुरक्षा अधिकारियों ने इस बारे में गंभीर चिंता व्यक्त करनी आरंभ की कि कनाडा में बहुत से आतंकी संगठनों ने डेरा जमा लिया है।

सीएसआईएस के पूर्व अध्यक्ष वार्ड एलकाक ने अपनी उच्चस्तरीय जानकारी के आधार पर सीनेट की एक विशेष समिति को बताया कि अमेरिका को छोड़ दें तो किसी भी अन्य देश की अपेक्षा कनाडा में अधिक आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि उनका संस्थान सीएसआईएस की आतंक–विरोधी शाखा ऐसे 50 आतंकवादी संगठनों और इनसे जुड़े 350 व्यक्तियों की जांच कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि ये विभिन्न आतंकवादी संगठन आतंकवादी कार्रवाइयों में सहायता देते हैं, आतंकवाद के लिए धन एकत्र करते हैं, प्रोपेगंडा और असत्य (डिसइंफार्मेशन) फैलाने के लिए विभिन्न समुदायों का दोहन–शोषण करते हैं, अप्रवासियों को डराते–धमकाते हैं, आतंकियों के लिए कनाडा में सुरक्षित शरण स्थलों की व्यवस्था करते हैं, आतंकियों की अमेरिका तक आने–जाने की व्यवस्था करते हैं, और अप्रवासियों की तस्करी करते हैं।

यह बयान कनाडा के फ्रेसर इंस्टीटयूट की अध्ययन रिपोर्ट में उपलब्ध है, जिसका शीषर्क है श्कनाडाय्ज इनएडिक्वेट रिस्पॉन्स टू टेररिज्म्य। रिपोर्ट के लेखक हैं मार्टिन कोलाकोट। रिपोर्ट में बताया गया है कि विभिन्न खालिस्तानी आतंकवादी संगठनों के अतिरिक्त अनेक अन्य तरह के आतंकवादी संगठन भी कनाडा में सक्रिय हैं, और इनका संबंध अनेक अन्य चर्चित आतंकवादी हमलों से भी जुड़ा रहा है। रिपोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि कई महत्त्वपूर्ण संदभरे में कनाडा की सरकार आतंकवाद के नियंत्रण के लिए असरदार कदम उठाने में असमर्थ रही है। रिपोर्ट ने बताया है कि खतरनाक आतंकी संगठनों पर सरकार प्रतिबंध नहीं लगा सकी और यहां तक कि ऐसे कुछ संगठन परोपकारी कार्य का आवरण लगा कर अपना प्रसार करते हैं, उस पर भी काफी समय तक रोक नहीं लग सकी। उनके विरुद्ध असरदार कार्रवाई करने के बहुत कम उदाहरण कनाडा में देखे गए हैं।इतना ही नहीं, कुछ राजनीतिक दल और नेता भी अपने संकीर्ण स्वार्थी हितों के लिए ऐसी ढील देने की नीति अपनाते हैं। सीएसआईएस की रणनीतिक योजना के पूर्व मुख्य अधिकारी डेविड हैरिस से जब पूछा गया कि क्या कनाडा आतंकवादियों की सुरक्षित शरण स्थली बन रहा है, तो उन्होंने उत्तर दिया कि ऐसी आशंका का बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां 50 आतंकवादी संगठनों की उपस्थिति है, जिनमें से अनेक प्रमुख आतंकवादी संगठन हैं। वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक स्टीवर्ट बेल ने एक पुस्तक लिखी है, जिसका शीषर्क है–श्कोल्ड टैरर–कनाडा नरचर्स एंड एक्सपोटर्स टैररिज्म थ्रूआउट द वर्ल्ड्य। इसमें उन्होंने लिखा है कि कनाडा की आतंकी समस्याओं के कारण बहुत हिंसा हुई है, लोग मारे गए हैं। इससे कनाडा में समस्याएं बढ़ गई हैं, और कुछ समुदायों पर उग्रवादियों ने अपना नियंत्रण बढ़ा लिया है।

मेजर ग्रेग ले ने कनाडियन फोर्सेज कॉलेज के लिए एक अनुसंधान पत्र लिखा है, जिसका शीषर्क है, श्द इवॉल्यूशन ऑफ टैररिज्म इन कनाडा–इन्क्रीज्ड थ्रेट इन अ कल्चर ऑफ इनडिफेरेंस्य। इस अध्ययन में लिखा है कि आतंकियों की हिंसक और जबरदस्ती वाली प्रवृत्तियों से कनाडा के सिख समुदाय की समस्याएं और दुख–दर्द बढ़ गए हैं।

# हिन्दुत्व के सजग प्रहरी योगी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले दिनों उस जज का समर्थन किया जिसने एक कार्यक्रम के दौरान इस्लाम धर्म के कठमुल्लों को खरी खोटी सुनाई थी। किसी भी धर्म के प्रति कट्टरता अच्छी नहीं होती। इस्लाम धर्म में भी कट्टरता दिखाने वालों को कठमुल्ला कहा जाता है। इनकी ही आलोचना करने वाले उस जज के खिलाफ महाभियोग लाने की तैयारी कुछ राजनीतिक दलों के नेता कर रहे हैं। योगी ने संभल में 47 साल पहले हुए दंगे के दौरान हिंदुओं के कत्लेआम और पलायन के बाद मंदिरों पर कब्जा कर ताला डालने को शर्मनाक अध्याय बताया है। इस प्रकरण पर योगी आदित्यनाथ की प्रतिक्रिया सबसे ज्यादा मार्मिक है।कुछ महीने पहले (मार्च 2024) की बात है जब बरेली के जज रवि कुमार दिवाकर की सीजेआई चंद्रचूड़ से शिकायत की गई। ऑल इंडिया लॉयर्स एसोसिएशंस फॉर जस्टिस ने सीजेआई चंद्रचूड़ को जज दिवाकर के खिलाफ शिकायत करते हुए कार्रवाई करने की मांग की थी। रवि कुमार दिवाकर ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए कहा था कि सत्ता में धार्मिक व्यक्ति अच्छे परिणाम देता है। बता दें कि साल 2022 में जज दिवाकर ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की वीडियोग्राफी करवाने का आदेश दिया था। साल 2010 में बरेली में हुई सांप्रदायिक हिंसा के सिलसिले में मौलवी मौलाना तौकीर रजा को तलब करते हुए जज दिवाकर ने ये बातें कहीं कि शायद ही कभी भारत में दंगा भड़काने वाले मास्टरमाइंड को सजा मिलती है।

सीजेआई चंद्रचूड़ को लिखे गए लेटर में कहा गया था, देखा गया है कि सत्र न्यायालय के इस आदेश में मुस्लिम समुदाय के बारे में गलत रूढ़िवादिता और कट्टर धारणाओं को कायम रखने का असर है। इसके अलावा, इस आदेश ने न्याय के पैमाने को झुका दिया है, न्यायपालिका की स्वतंत्रता के स्वीकृत सिद्धांत का उल्लंघन किया है और न्यायपालिका की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया है। यह न्यायिक अधिकारियों पर लागू होने वाले मानकों और मानदंडों का पालन करने यानी स्वतंत्रता, निष्पक्षता और औचित्य बनाए रखने में न्यायाधीश की घोर विफलता को दर्शाता है। आरोप लगाया गया कि जज ने मुस्लिम समुदाय के खिलाफ स्पष्ट पूर्वाग्रह और पूर्वाग्रह प्रकट करने वाले ये बयान देकर न्यायिक आचरण के बुनियादी मानकों को विफल कर दिया है। योगी ने जज दिवाकर की भी तारीफ की थी और उनके फैसले को उचित बताया था।इसके बाद इसी दिसंबर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बगैर नाम लिए हाई कोर्ट के जज शेखर यादव के बयान का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि सच बोलने वालों को धमकाया जा रहा है। ये लोग संविधान के नाम पर देश के सामने पाखंड कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की विरासत की चर्चा करने वाले व्यक्तियों को कुछ लोग धमकी दे रहे हैं। इन्हीं लोगों ने कुंभ की आध्यात्मिक और सामाजिक विरासत को भगदड़ और अराजकता का पर्याय बना दिया है। योगी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज शेखर यादव का बगैर नाम लिये कहा कि एक न्यायमूर्ति ने सच कहा तो उन्हें कठघरे में खड़ा किया गया। सच बोलने वालों को धमकाया जा रहा है। यही लोग अब संविधान के नाम पर देश के सामने पाखंड कर रहे हैं।गौरतलब है कि कुछ दिन पहले एक कार्यक्रम में जज शेखर यादव ने कहा था– मुझे यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि हिंदुस्तान देश के बहुसंख्यकों के हिसाब से चलेगा। यह कानून है। मैं यह बात हाई कोर्ट के जज के तौर पर नहीं बोल रहा। आप अपने परिवार या समाज को ही लीजिए कि जो बात ज्यादा लोगों को मंजूर होती है, उसे ही स्वीकार किया जाता है। लेकिन जो कठमुल्ला हैं, जिसे कह लीजिए आप, शब्द गलत है। लेकिन कहने में गुरेज नहीं है क्योंकि यह देश के लिए घातक है। जनता को भड़काने वाले लोग हैं। देश आगे न बढ़े, इस प्रकार के लोग हैं। उनसे सावधान रहने की जरूरत है।सीएम योगी आदित्यनाथ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर यादव के बयान का समर्थन किया है। उन्होंने महाभियोग का नोटिस दिए जाने पर विपक्ष की आलोचना की है। सीएम योगी ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक जज ने एक बात कही। योगी ने कहा कि समान नागरिक संहिता तो होनी ही चाहिए और दुनिया के अंदर बहुसंख्यक समाज की भावनाओं का सम्मान तो हर हाल में होता है। दुनिया में अगर होता है तो उस सच्चाई को कोई बोलता है तो यह कौन सा अपराध हो गया। इन लोगों ने जज के खिलाफ भी महाभियोग का नोटिस दिया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस शेखर कुमार यादव ने बीते दिनों प्रयागराज में आयोजित विश्व हिंदू परिषद की लीगल सेल के एक कार्यक्रम में यह कथित विवादित बयान दिया था। विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों ने जस्टिस शेखर कुमार यादव के हाल में दिए गए कथित 'विवादास्पद बयान' के लिए उनके खिलाफ महाभियोग चलाने के वास्ते राज्यसभा में नोटिस दिया है। महाभियोग के लिए 55 विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा में दिए गए नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। इनमें कांग्रेस के कपिल सिब्बल, विवेक तन्खा और दिग्विजय सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के जॉन ब्रिटास, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मनोज कुमार झा और तृणमूल कांग्रेस के साकेत गोखले शामिल हैं।अब नये मामले सामने आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश स्थित वाराणसी के मदनपुरा में 40 साल पुराना मंदिर खोलने की मांग की जा रही है। इस पर योगी सरकार की पहली प्रतिक्रिया आई है,हिंदू संगठन के लोग वाराणसी के मदनपुरा क्षेत्र में सालों से बंद प्राचीन मंदिर खुलवाने पहुंचे थे। हिंदू संगठन के लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में तकरीबन 40 साल से यह मंदिर बंद था अब हमें यहां पर नियमित पूजा पाठ करने की इजाजत दी जाए। हिंदू संगठन शांति व्यवस्था कायम रखने के साथ पूजा पाठ करने की इजाजत मांग रहा है । सनातन रक्षा दल के पं अजय शर्मा मंदिर में लगे ताला खोलने के लिए पहुंचे थे। मदनपुरा घनी मुस्लिम आबादी के लिए जाना जाता है। इससे पहले संभल में 46 साल बाद खुले मंदिर के बगल स्थित घर के अवैध हिस्से में अतिक्रमण हटाने का काम शुरू हो गया है। हालांकि इस काम में प्रशासन ने अपना हाथ नहीं लगाया है। मकान मालिक मतीन अहमद ने खुद मजदूरों को बुलाया और उसे तुड़वाया। गत 14 दिसंबर को जिला पुलिस और प्रशासन द्वारा चलाए गए बिजली चोरी और अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान मंदिर की खोज की गई थी। जिलाधिकारी डॉक्टर राजेंद्र पेंसिया ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को चिट्ठी लिख कर मांग की है कि इसकी वैज्ञानिक जांच की जाए। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक एएसआई ने इस चिट्ठी पर कोई जवाब नहीं दिया था। उधर, मतीन अहमद के मकान की पैमाइश की गई थी। संभल और वाराणसी दोनों जगह स्थानीय निवासी सौहार्द बनाए हुए हैं लेकिन धर्म की सियासत करने वाले आग उगल रहे हैं। **(हिफी)**

# डिम्पल यादव का कांग्रेस को इशारा



अडाणी समूह से जुड़े मामले पर कांग्रेस द्वारा लगातार जोर दिए जाने के बीच उसकी सहयोगी समाजवादी पार्टी की नेता डिंपल यादव ने 11 दिसंबर को कहा कि उनका दल न तो जॉर्ज सोरोस के मुद्दे के साथ है और न अडाणी के मुद्दे के साथ है। उनका बयान उस वक्त आया है जब कांग्रेस और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के कई घटक दल अदाणी मामले को लेकर संसद परिसर में रोजाना विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। सपा और तृणमूल कांग्रेस ने इन प्रदर्शनों से दूरी बना रखी है। इसी के चलते भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया है कि विपक्षी गठबंधन बिखर रहा है, हालांकि सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने कहा कि गठबंधन एकजुट है। दरअसल समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान ने एक बार फिर उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक बड़ा सियासी धमाका किया है। इसके चलते भी सपा को रणनीति बदलनी पड़ रही है। अल्पसंख्यक मुसलमानों का वोटबैंक भले ही बिखर गया है लेकिन सपा इसको अपना ही समझती है। यही कारण रहा कि महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के विधायक ने बाबरी मस्जिद विध्वंस के समर्थन में विज्ञापन छपवाया तो सपा ने महाविकास अघाड़ी से नाता तोड़ने में देर नहीं लगाई। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन की स्थिति अन्य राज्यों से अलग है। मध्य प्रदेश और हरियाणा में कांग्रेस ने सपा को एक भी सीट नहीं दी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भी गठबंधन को लेकर तनाव रहा। इसके बावजूद सपा को वहां 2 विधायक मिले हैं। यूपी विधानसभा उपचुनाव में भी सपा और कांग्रेस के बीच खटास रही। सपा को 9 में सिर्फ 2 सीटों पर जीत मिलीं।

अब आजम खान ने भी एक मुद्दा उठाया है। वह इन दिनों सीतापुर जेल में बंद हैं। जेल से ही आजम खान का सियासी संदेश बाहर आया है। खास बात यह है कि आजम खान का यह संदेश समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष अजय सागर की ओर से आधिकारिक लेटर पर सामने आया है, लेकिन इसके सुर ऐसे हैं, जो खुद सपा चीफ अखिलेश यादव को असहज कर सकते हैं। आजम खान के जेल से भेजे गए संदेश में लिखा गया है कि, समाजवादी पार्टी रामपुर में हुए जुल्म और बर्बादी का मुद्दा संसद में उतनी ही मजबूती से उठाए जितना संभल का क्योंकि रामपुर के सफल तजुर्बे के बाद ही संभल पर आक्रमण हुआ है। आजम खान कहते हैं, रामपुर की बर्बादी पर इंडिया गठबंधन खामोश तमाशाई बना रहा और मुस्लिम लीडरशिप को मिटाने पर काम करता रहा। इंडिया ब्लॉक को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी अन्यथा मुसलमानों को हालात और भविष्य पर विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

ध्यान रहे कि संभल की जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद अखिलेश यादव और सपा ने इस मुद्दे को मजबूती से संसद में उठाया है। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और उनकी बहन, वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी ने भी संभल जाने की कोशिश की लेकिन प्रशासन ने उन्हें इसकी इजाजत नहीं दी। विपक्ष संभल के मुद्दे पर योगी सरकार पर मुस्लिमों को निशाना बनाने का आरोप लगा रहा है, तभी आजम खान का यह सियासी संदेश बाहर आ गया है। यूपी में सपा और कांग्रेस, दोनों ही इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। ऐसे में अगर आजम खान यह कह रहे हैं कि इंडिया गठबंधन मुस्लिमों की बर्बादी का तमाशबीन है, तो निश्चित तौर पर इसे अखिलेश और कांग्रेस पर एक सियासी वार भी समझा जा सकता है। अब देखने वाली बात यह होगी कि इंडिया गठबंधन या अखिलेश यादव की तरफ से आजम खान के इस सियासी संदेश पर कैसी प्रतिक्रिया सामने आती है।

समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी और मैनपुरी से लोकसभा सदस्य डिंपल ने कहा कि संसद की कार्यवाही चलनी चाहिए और इसके लिए सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों को प्रयास करना चाहिए। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, न हम सोरोस के मुद्दे के साथ हैं, न ही अडाणी जी के मुद्दे के साथ हैं। सदन को चलना चाहिए...हम चाहते हैं कि सदन चले।

संसद के शीतकालीन सत्र में अडाणी के मुद्दे को लेकर हो रहे हंगामे के बीच समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव का जब बयान सामने आया तब कांग्रेस पार्टी को तगड़ा झटका लग सकता है जो लगातार इस मुद्दे को लेकर संसद में हंगामा कर रही है और इस पर चर्चा की मांग कर रही है। डिम्पल ने कहा आज सदन चल रहा था..और हमें उम्मीद है कि आगे भी सदन चलता रहे। हमारा मानना है कि सदन चलना चाहिए। हमें उम्मीद है कि दोनों पक्षों के लोग सदन के कामकाज के प्रति समर्पण दिखाएंगे। समाजवादी पार्टी चाहती है कि सदन चले। डिंपल यादव ने इस दौरान साफ कर दिया कि समाजवादी पार्टी संविधान को लेकर सदन में होने वाली चर्चा में भी हिस्सा लेगी। दरअसल सपा ने सदन में अडाणी के मुद्दे से दूरी बनाई हुई है। सपा उद्योगपतियों को इस तरह निशाने पर लेने से सहमत नही हैं।

इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस पार्टी लगातार अडाणी के मुद्दे पर सदन में चर्चा की माँग कर रही हैं तो वहीं दूसरी तरफ सत्ता पक्ष की ओर से सोरोस के मुद्दे को लेकर कांग्रेस को घेरने की कोशिश की जा रही है लेकिन इस मुद्दे को लेकर समाजवादी पार्टी कांग्रेस के साथ नहीं दिख रही है। सपा लगातार अडाणी के मुद्दे से दूरी बनाते हुए दिख रही है।यहीं नहीं इस मुद्दे पर कांग्रेस के आक्रामक रुख से सपा सहमत नहीं है। इंडिया गठबंधन में इन दिनों नेतृत्व को लेकर भी कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन की जिम्मेदारी संभालने की बात कही जिस पर कई सहयोगियों ने सहमति जताई है। समाजवादी पार्टी ने तो ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन की कमान सौंपे जाने का खुलकर समर्थन किया है तो वहीं आरजेडी नेता लालू प्रसाद यादव भी इस बात से सहमत दिखाई दिए और कांग्रेस से इस पर विचार करने को कहा है। कांग्रेस दोनों तरफ से घिरी हुई है ।

## आनन्द नगर जीआरपी ने यात्री को लौटाया खोया हुआ समान

फरेन्दा महराजगंज । सन्देश। आनंद नगर रेलवे स्टेशन पर एक महिला यात्री की आभूषणों से भरा बैग छूट गया। सूचना पर तैनात जीआरपी की टीम ने यात्री का खोया हुआ सोने का आभूषण और नकदी बरामद कर उसे वापस किया है। आवेदिका नाजिरा खातून पत्नी अब्दुल रशीद निवासी करमहा चौराहा थाना बृजमनगंज जनपद महाराजगंज, बढ़नी जाने वाली ट्रेन में चढ़ते समय अपना बैग प्लेटफॉर्म पर ही भूल गई थीं। बैग में सोने के आभूषण और लगभग 2900 रुपये की नकदी थी। सूचना मिलते ही जीआरपी प्रभारी निरीक्षक आदित्य सिंह व हेड कांस्टेबल बृजेश यादव सुनील त्रिपाठी काली प्रसाद यादव देवेंद्र यादव ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए बैग को बरामद किया और आवेदिका को सुरक्षित रूप से सौंप दिया । आवेदिका ने जीआरपी की इस सराहनीय पहल की खूब प्रशंसा की।

## में मोटरसाइकिल चोरी का मामलारू एडवोकेट ने पुलिस से की कार्रवाई की अपील

बांसगांव। में एक एडवोकेट की मोटरसाइकिल चोरी हो गई है, जिससे क्षेत्र में चिंता का माहौल है। जानकारी के अनुसार, नीतीश कुमार सिंह एडवोकेट , जो वार्ड 9 के निवासी हैं और तहसील गेट पर संदेश नामक अखबार कार्यालय एवं अधिवक्ता चेंबर हैं, ने यूपी कॉप पर आनलाइन शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी होंडा लिवो मोटरसाइकिल (न्च 53ब्ज्ञ3020) जो उन्होंने शाम के समय अपनी दुकान के सामने खड़ी की थी, अज्ञात चोरों द्वारा चुरा ली गई।प्राथी ने बताया कि वह शाम के समय अपनी दुकान बंद कर सब्जी खरीदने के लिए बाजार गए थे और जब वापस लौटे, तो देखा कि उनकी मोटरसाइकिल गायब थी। नीतीश कुमार सिंह ने पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है, ताकि चोरों का पता लगाया जा सके और उनकी मोटरसाइकिल वापस मिल सके।

## मंगल कलश यात्रा के साथ ही गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ ।

बांसगांव। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 11,42 पट्टी में गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में माताएं बहने आस्था के साथ कलश यात्रा में पूरे नगर के सुख और समृद्धि की कामना के साथ ही गायत्री परिवार के नेतृत्व में कलश यात्रा निकाली । कलश यात्रा निकालने का उद्देश्य राष्ट्र जागरण के लिए गायत्री महायज्ञ का प्रचार और लोगों में अपने धर्म के प्रति जागरुक उत्पन्न करना है । इस कार्यक्रम में श्रीमती शारदा सिंह, वीना सिंह सहित बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ ही विरेन्द्र शर्मा,अजय श्रीवास्तव, अजय सिंह, सन्नी सिंह, राममिलन शर्मा, रामजी शर्मा, मंटू गुप्ता, श्यामा यादव, बृजलाल पाल, जय प्रकाश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## हत्या का आरोपी गिरफ्तार, अपराधी की गिरफ्तारी से क्षेत्र में हलचल

सहजनवा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद गोरखपुर के निर्देश पर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने एक बड़ा कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में और क्षेत्राधिकारी गीडा के पर्यवेक्षण में थाना सहजनवां पुलिस की टीम ने हत्या के आरोपी छोटू दूबे को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त पर आरोप है कि उसने संपत्ति हड़पने की नियत से अपने बड़े भाई की हत्या की और शव को छिपाने के लिए राप्ती नदी के किनारे फेंक दिया। यह घटना थाना सहजनवां पर प्राप्त तहरीर के आधार पर पंजीकृत की गई थी। पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई के बाद छोटू दूबे को गिरफ्तार कर लिया गया है, और अब मामले की आगे की विधिक प्रक्रिया जारी हैगिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विशाल कुमार उपाध्याय, कांस्टेबल शमशेर बहादुर पाल, कांस्टेबल गोविन्द यादव और कांस्टेबल प्रवीण सिंह शामिल थे।

## संपत्ति के लिए भाई की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

सहजनवा थाना सहजनवां पुलिस ने हत्या के आरोपी छोटू दूबे को गिरफ्तार किया है, जिसने संपत्ति हड़पने के लिए अपने बड़े भाई की हत्या कर दी थी। घटना के बाद शव को छिपाने के उद्देश्य से उसने सिसई घाट के पास राप्ती नदी में फेंक दिया था। पुलिस ने इस मामले की तफ्तीश के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद गोरखपुर द्वारा चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत हुई। इस अभियान का उद्देश्य अपराधियों की गिरफ्तारी और अपराधों पर नियंत्रण पाना है। थानाध्यक्ष विशाल कुमार उपाध्याय की अगुवाई में पुलिस टीम ने इस केस में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

## ठंड से बचने के लिए निराश्रितों की सेवा करना ईश्वर भक्तिहै - अमरनाथ यादव

सहजनवा, गोरखपुर (संदेश) पिपरौली ब्लॉक के ग्राम पंचायत बडगहन में



निराश्रितों और जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाजसेवी अमरनाथ यादव ने इस अवसर पर कहा कि गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा करना सच्ची ईश्वर भक्ति है, और समाज के सक्षम व्यक्तियों को इस कार्य में सहयोग करना चाहिए। ग्राम प्रधान बरसाती देवी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि असहाय लोगों की मदद करना भगवान की सेवा के समान है। इस कार्यक्रम में कुल 200 कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम में तारकेश्वर, ईश्वर, राम पलट सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## मानसिक बीमारी से ग्रस्त व्यक्तियों की मदद करेगी "एलएसयूएम" टीम

सुल्तानपुर(एजेंसी )। जनपद न्यायालय के मीटिंग हॉल में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज सम्पन्न हो गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मानसिक बीमारी से ग्रस्त व्यक्तियों और बौद्धिक अक्षमताओं वाले व्यक्तियों को विधिक सेवांए योजना–2024,पर विभिन्न विद्वानों ने प्रकाश डाला। प्रशिछण कार्यक्रम में जिला न्यायधीश लक्ष्मीकांत शुक्ल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। बुधवार को उन्होंने पैनल लायर्सध्पैरा लीगल वालेंटियर्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिए हर एक इंसान को दृण संकल्प करना जरुरी होता है। जिला जज श्री शुक्ल ने उदाहरण देते हुए कहा कि माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम भारतीय महिला बछेंद्री पाल, अरुणिमा सिन्हा, माउंटेन मैन दशरथ माझी, बिग बी अमिताभ बच्चन जैसे लोग आज लोगों के लिए रोल मॉडल हैं।

# मुठभेड़ के बाद तीन पशु तस्कर गिरफ्तार

जौनपुर । जिले की मीरगंज व बरसठी पुलिस की संयुक्त टीम ने तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपी स्कॉर्पियो से गोवंश लेकर बिहार जा रहे थे। इस दौरान एक पशु तस्कर के पैर में गोली लगी, उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया पुलिस के अनुसार मीरगंज पुलिस बंधबा बाजार बरसठी मोड़ तिराहा के पास रात में संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। पुलिस के मुताबिक इसी बीच एक स्कॉर्पियों कुंवर तिराहे की तरफ से तेज गति से बंधवा तिराहे की तरफ आते दिखाई दी। संदिग्ध प्रतीत होने पर टॉर्च की रोशनी से रोकने का इशारा किया गया। लेकिन उक्त स्कॉर्पियों चालक तेज गति से बरसठी की तरफ भागने लगा। बदमाश के भागने की सूचना आर.टी सेट से कंट्रोल रूम व थाना बरसठी को दी गई। प्रभारी निरीक्षक बरसठी द्वारा बताया गया कि बरसठी बंधवा रोड पर घेराबंदी की गई है। स्कॉर्पियों पुलिस बल को देखकर पुनः बंधवा की ओर जा रही है। सूचना पर बिलरा मोड़ के पहले थानाध्यक्ष मीरगंज मय फोर्स के घेरा बंदी करते हुए उक्त वाहन का इंतजार करने लगे। कुछ समय बाद एक वाहन आता हुआ दिखाई दिया। खुद को घिरा पाकर वाहन में बैठे चालक द्वारा स्कॉर्पियो को मोड़ दिया गया। चालक के बगल में बैठे एक व्यक्ति ने उतरकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की। थानाध्यक्ष मीगंज द्वारा आत्मरक्षार्थ फायर किया गया, जिससे एक व्यक्ति घायल हो गया। इसी बीच प्रभारी निरीक्षक बरसठी मय हमराह के आ गए। जहां पर अन्य फोर्स के साथ घेराबंदी करते हुए दो अन्य व्यक्तियों को पकड़ा गया। घायल व्यक्ति ने अपना नाम मनीष यादव उर्फ मिन्टू यादव पुत्र शिवलाल यादव, निवासी कैथा उर्फ टडिया थाना अलीनगर जनपद चंदौली बताया। अन्य पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान सद्दाम हुसैन पुत्र मुसाफिर निवासी मथुरापुर कोठवा थाना जलालपुर जनपद जौनपुर व चन्द्रशेखर यादव पुत्र गामा यादव निवासी ग्राम कैथा उर्फ टडिया थाना अलीनगर जनपद चंदौली के रूप में हुई। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि गो तस्करी करके बिहार में गोवध के लिए ले जाते हैं। स्कॉर्पियो में तीन गोवंश को गोवध के लिए बिहार ले जा रहे थे। मौके पर वाहन में तीन गोवंश बरामद हुए। साथ ही तमंचा कारतूस व नकदी बरामद हुई। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# हाई टेक नर्सरी फसल से अच्छी आमदनी प्राप्त करें

जौनपुर। जिला उद्यान अधिकारी सीमा सिह राणा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि हाईटेक नर्सरी से प्राप्त पौध से किया चम्पर उत्पादन, हुये लखपति उद्यान विभाग द्वारा निर्मित हाईटेक नर्सरी फार वेजिटेबल सीडलिगं इकाई जो जनपद के केबीके बक्शा में स्थापित है। उक्त हाईटेक नर्सरी में वेजीटेबल सीडलिगं पूर्णतया मृदा विहीन, कवक मुक्त, जीवाणुमुक्त, विषाणुमुक्त, सुपर सीडर मशीन द्वारा तैयार किया जाता है। बुआई के पश्चात् वेजीटेबल सीडलिग को हार्डनिग चौम्बर में रखकर वातावरण के अनुकूल तैयार किया जाता है। तपश्चात यह सीडलिंग किसानों को प्रक्षेत्र में बुआई के लिए प्रदान किया जाता है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है जनपद मे प्रगतिशील कृक्षक रितेश यादव ग्राम रामनगर विकासखंड बदलापुर द्वारा हाईटेक नर्सरी मे तैयार पौध का रोपण अपने प्रक्षेत्र में कराया गया, उक्त कृषक द्वारा अपने प्रक्षेत्र में 10 साल के लिए कान्ट्रेक्ट फार्मिंग करके सब्जी की खेती उक्त योजना के अन्तर्गत किया जा रहा है जिसमे मटर, करेला, बैगन, टमाटर, शिमलामिर्च को जैविक विधि द्वारा तैयार कर सालाना 07 से 08 लाख का मुनाफा दर्ज कराया गया है।





उक्त कृषक प्रक्षेत्र में हाइटेक नर्सरी से 300 पौधे शिमला मिर्च कृषक द्वारा लगाया गया, जिसमें 45 दिन के अंदर फल आ गये, जिसमें उत्पादन करीब 02 कुंतल प्राप्त हुआ। शिमला मिर्च का बाजार मूल्य 60 से 70 रू0 प्रतिकिलों प्राप्त हो रहा है। कृषक द्वारा 3500 टमाटर, 300 बैगन, के पौध हाईटेक नर्सरी के०बी० के० बक्शा द्वारा प्राप्त कर प्रक्षेत्र में रोपित किया गया, जिससे करीब 1.50 कुंतल बैगन प्राप्त हुआ, जिसका बाजार मूल्य कृषक को 40 से 50 रु० प्रति किलो हो रहा है। कृषक प्रक्षेत्र से उत्पादित करैला का बाजार मूल्य 80 रू० प्रति किलो ग्राम प्राप्त हो रहा है तथा मटर का उत्पादन अब तक 3.50 कुंतल हुआ जिसका बाजार मूल्य 70 से 80 रू प्रति किलोग्राम प्राप्त हो रहा है। उक्त उत्पादन की खास विशेषता यह रही कि इसमें जैविक खाद के रूप में संडी गोबर की खाद, जीवामृत एवं घनामृत का प्रयोग प्रभावी ढंग से किया गया है। जिसका परिणाम यह हुआ कि कृषक को कृषि उत्पाद बाजार तक नही ले जाना पड़ा तथा समस्त कृषि उत्पाद व्यापारियों द्वारा कृषक प्रक्षेत्र से ही विक्रय कर लिया जाता है। जैविक विधि द्वारा खेती करने से कीटनाशको एवं रासायनिक उर्वरको पर होने वाले खर्च से भी बचत हो रही है। जैविक विधि द्वारा तैयार कीटनाशक का प्रयोग करके (यथा–मट्ठा, अदरक, लहसुन, मिर्च के मिश्रण द्वारा) पौधो को रोग मुक्त किया जा रहा है। प्रगतिशील कृषक रितेश द्वारा बताया गया कि हाईटेक नर्सरी के०बी० के०बक्शा द्वारा प्राप्त पौधे की मारटेलिटी बिल्कुल नही है 100 प्रतिशत पौध खेत मे लग गये है श्री यादव द्वारा हाईटेक पौधो से अच्छा मुनाफा कमाया जा रहा है, जो कि जनपद में अन्य कृषको के लिए प्रेरणा स्रोत के रूप में कार्य कर रहे है। जनपद के अन्य सभी सब्जी के खेती करने वाले कृषको से अपील है कि के०बी० के० बक्शा में तैयार सब्जी की नर्सरी 02 रू० प्रति पौध प्राप्त कर अपने खेतो मे लगाये ताकि वो भी अपने फसल से अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकें।

# साहसिक मुठभेड़ में अर्न्तजनपदीय बदमाश गोली से हुआ घायल, साठ हजार नकदी समेत सोने चांदी के जेवरात बरामद करने में भी मिली खाकी को सफलता

### घायल बदमाश का पुलिस अभिरक्षा में जारी है इलाज, दो भेजे गये जेल

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने साहसिक मुठभेड़ में अर्न्तजनपदीय बदमाश समेत तीन को धर दबोचा। एसपी डॉ. अनिल कुमार के द्वारा संचालित अपराध नियंत्रण अभियान के तहत लालगंज पुलिस को बुधवार की रात बडी सफलता हाथ लगी है। जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय तथा सीओ रामसूरत सोनकर व लालगंज कोतवाल नीरज यादव ने भारी फोर्स तथा स्पेशल टीम के साथ बदमाशों से लोहा लिया। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव फोर्स के साथ केशवपुर चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग अभियान में जिले के अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय तथा सीओ रामसूरत सोनकर भी स्पेशल टीम प्रभारी जयचंद्र भारती के साथ शामिल थे। इस बीच कोतवाली के सराय रायजू लोनी नदी से पहले एक भटठे के समीप बाइक सवार तीन लोग पुलिस को दिखे। पुलिस ने बाइक को रोकने का इशारा किया तब बदमाश भारी पुलिस जमावडा देख बाइक मोडकर भागने लगे। बदमाश हथियारों से लैस थे। पुलिस ने पीछा किया तो कुछ दूर पर बदमाश बाइक छोडकर भागने लगे। पुलिस ने लोनी नदी के कछार व जंगलों की तरफ बदमाशों को घेरने का प्रयास किया। इस पर बदमाश पुलिस को गाली





देते हुए जानलेवा धमकी के साथ फायरिंग करने लगे। पुलिस ने भी जबाबी फायरिंग की। फायरिंग मे एक बदमाश को पैर के नीचे घुटने मे गोली लग गयी। तब तक पुलिस ने घेराबंदी कर बदमाशों को कब्जे मे ले लिया। बदमाशों के पास से चोरी की बंदूक व चोरी गये काफी मात्रा में सोने चांदी के जेवरात, बर्तन व नकदी हाथ लगा। पकडे गये आरोपी की पहचान पडोसी जिले अमेठी के संग्रामपुर थाना के कालिकन निवासी शशिकान्त विश्वकर्मा उर्फ शशिप्रकाश 28 पुत्र ओंकारनाथ व अमेठी के ही संग्रामपुर थाना के सगरापुर निवासी गुरूदीन वर्मा 33 पुत्र विश्वनाथ वर्मा एवं सांगीपुर थाना के शाहबरी निवासी बबलू गौतम 28 पुत्र शंकर गौतम के रूप में हुई। इनमें पुलिस की जबाबी फायरिंग में शशिकांत विश्वकर्मा उर्फ शशिप्रकाश के पैर के घुटने मे गोली लगी है। बदमाशों के पास से एक तमंचा, चोरी की लाइसेंसी बदूंक, ढाई दर्जन जिंदा कारतूस व साठ हजार की नकदी व चोरी के सोने चांदी के जेवरात एवं बर्तन बरामद हुये। अर्न्तजनपदीय बदमाश शशिकांत विश्वकर्मा की पुलिस ने हकीकत खंगाली तो उस पर प्रतापगढ़ तथा अमेठी जिले के विभिन्न थानों में चोरी, डकैती, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट जैसे दो दर्जन से अधिक गंभीर आपराधिक मुदकमें दर्ज मिले। पुलिस ने घायल बदमाश शशिकांत विश्वकर्मा उर्फ शशिप्रकाश को अभिरक्षा में लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आयी। यहां प्रारंभिक उपचार के बाद उसका जिला अस्तपाल में पुलिस अभिरक्षा में इलाज जारी बताया गया है। पुलिस के मुताबिक लाइसेंसी बंदूक जिले के अन्तू थाना निवासी बृजेश सिंह की है। वहीं पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा आर्म्स एक्ट व आयुध अधिनियम समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। वही बदमाशो से बरामद बाइक को पुलिस ने सीज कर दिया है। पुलिस की इस बड़ी कामयाबी पर एसपी डॉ. अनिल कुमार ने मातहतों के साहसिक सफलता को सराहा है। एसपी डॉ. अनिल कुमार ने कहा है कि अपराध में संलिप्त अपराधियों को दबोचकर इन्हें शासन के जीरो टालरेंस नीति के तहत जेल भेजने का अभियान कडाई से जारी दिखेगा। वही गुरूवार को इलाके मे भी दिन भर पुलिस मुठभेड़ मे अर्न्तजनपदीय बदमाशों की गिरफ्तारी को लेकर लोगों में पुलिसिया कार्रवाई की सराहना भी होती दिखी।

# डा. आम्बेडकर के अपमान के लिए क्षमायाचना के साथ फौरन इस्तीफा दें गृहमंत्री- प्रमोद तिवारी

### राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने मोदी सरकार पर लोकतांत्रिक मूल्यों को चोट पहुंचाने को लेकर किया तगड़ा हमला

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के अपमान को लेकर उनसे फौरन देश से सार्वजनिक तौर पर क्षमायाचना और त्याग पत्र की मांग की है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने भाषण में डॉ. आम्बेडकर के प्रति पूर्वाग्रह एवं अपमान का पूरी तरह से अनैतिक प्रदर्शन किया है। उन्होनें कहा कि गृह मंत्री का भाषण संसद की कार्रवाई के रिकार्ड पर है ऐसे में देश जानना चाहेगा कि डॉ. आम्बेडकर के प्रति अपमान प्रदर्शित करने के बावजूद गृह मंत्री अभी तक अपने पद पर कैसे बनें हुए हैं। उन्होने पीएम पर निशाना साधा कि वह संवैधानिक संस्थाओ को लगातार कमजोर बना रहे हैं। उन्होने कहा कि संविधान और इसके निर्माताओं के अपमान पर विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए मोदी सरकार हर जगह तथा हर फोरम पर भय व दहशत का माहौल बनाया करती है। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि भाजपा को लोकतांत्रिक मूल्यों मे विश्वास नही रह



गया है। उन्होने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा संसद मे भी अंदर तथा बाहर संसदीय परम्पराओं व स्वस्थ लोकतंत्र पर आघात पहुंचाने से बाज नही आ रही है। उन्होनें कहा कि भाजपा का चार सौ पार के संसद में बहुमत लेने का एजेण्डा भी वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर पर्दाफाश हो उठा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा संविधान संशोधन के जरिए अपने खतरनाक मंसूबे के तहत वन नेशन वन इलेक्शन की जगह वन नेशन वन लीडर का रख रही है। उन्होने कहा कि संसद के किसी भी सदन में संविधान संशोधन के लिए बहुमत न होने के बावजूद उसका यह शिगूफा देश की जनता का मुददो से ध्यान हटाने का गैरजिम्मेदाराना पन है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री और भाजपा सिर्फ नेहरू फोबिया के अवसाद में राष्ट्रीय हितों के प्रति बेपरवाह बने हुए है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार में चौपट हो रही अर्थव्यवस्था के चलते डॉलर के मुकाबले रूपये का रोज कमजोर पड़ना आम आदमी पर मंहगाई की तेज मार साबित हो रही है। यूपी में धार्मिक स्थलों के सर्वे को लेकर प्रतिक्रिया मेंराज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने सरकार को सुझाव दिया कि वह केन्द्र स्तर पर एक अलग मंत्रालय का सृजन करे। उन्होने कहा कि देश भर मेंदेखभाल केअभाव मेंमंदिरो और मस्जिदो तथा गुरूद्वारों को चिन्हित कर सरकार ऐसे मंत्रालय के जरिए सरकारी खर्च पर इनके संरक्षण व रखरखाव का दायित्व निभाये। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी का बयान गुरूवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

## संभल में साथी अधिवक्ता की हत्या समेत उत्पीड़न पर गरजे वकील, किया विरोध प्रदर्शन

लालगंज, प्रतापगढ़। संभल जिले में साथी अधिवक्ता की हत्या को लेकर गुरूवार को यहां वकीलो ने विरोध प्रदर्शन किया। साथी अधिवक्ता सत्यपाल नेटा की संभल मे गोली मारकर हुई हत्या को लेकर वकीलो ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नेशनल हाइवे से लगे तहसील गेट पर जमकर नारेबाजी की। वहीं वकीलों के विरोध प्रदर्शन में गाजियाबाद तथा प्रयागराज में साथियों के उत्पीड़न के साथ जिले के उदयपुर एसओ की कार्यप्रणाली को लेकर भी विरोध का कडा तेवर दिखा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकरनाथ शुक्ल एवं उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी की संयुक्त अगुवाई में वकीलों ने तहसील परिसर में पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। अधिवक्ताओं का आक्रोश नेशनल हाइवे से लगे तहसील के मुख्य गेट पर भी देखा गया। आम सभा में आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि संभल के बहजोई थाना क्षेत्र में अधिवक्ता सत्यपाल नेटा की बदमाशो ने गोली मारकर बर्बर हत्या कर दी। उन्होने कहा कि प्रयागराज में अधिवक्ता अखिलेश शुक्ल गुडडू व संभल में अधिवक्ता की इस नृशंस हत्या ने कानून व्यवस्था के हालात पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

## लुटेरों ने युवक पर हमला कर छीनी बाइक

गोरखपुर। गुरुवार शाम गोरखपुर के बड़हलगंज थाना क्षेत्र में तीन सशस्त्र लुटेरों ने गुरुकुल पीजी कॉलेज और ददरी गांव के बीच एक युवक पर हमला कर उसकी बाइक लूट ली। बदमाशों ने लोहे की रॉड से हमला कर युवक को घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। घटना में घायल युवक धर्मेंद्र साहनी (पुत्र छोटक साहनी) ग्राम ददरी का निवासी है। वह अपने साथी साहब साहनी के साथ हीरो स्प्लेंडर बाइक (न्च 53 क्ल 0787) पर मधुपुर चौराहे से लौट रहा था। गुरुकुल पीजी कॉलेज के पास बदमाशों ने उनका पीछा कर बाइक रोकी और धर्मेंद्र के सिर पर लोहे की रॉड से हमला किया। घायल धर्मेंद्र बाइक समेत गिर पड़ा, जिसके बाद लुटेरे बाइक लेकर फरार हो गए। घटना के बाद धर्मेंद्र ने किसी तरह पुलिस को सूचना दी। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और लुटेरों की तलाश जारी है। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में डर और नाराजगी का माहौल है।



## अबेडकर का अपमान लोकतंत्र का अपमान:सपा



जौनपुर। संसद में बुधवार को संविधान निर्माता भारत रत्न बाबासाहब भीमराव अंबेडकर पर गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिए गए बयान पर जिले में भी राजनीति गरमा गई है। गृहमंत्री अमित शाह के बयान को लेकर जौनपुर समाजवादी पार्टी ने जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य के नेतृत्व में सपा नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने पीडब्लूडी तिराहे पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन करते हुए अंबेडकर तिराहे पर अंबेडकर पार्क में डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।तत्पश्चात बाबासाहब की फोटो लेकर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने बाबासाहब डा. भीमराव अंबेडकर का अपमान तो किया ही साथ ही साथ लोकतंत्र और भारत के संविधान का अपमान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमित शाह को अविलंब बर्खास्त करें और देश से इस अपमान के लिए माफी मांगे। पूर्व विधायक लालबहादुर यादव एवं पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत राजबहादुर यादव एवं उपाध्यक्ष श्यामबहादुर पाल ने कहा कि बाबासाहब का अपमान देश का अपमान है।आज अमित शाह देश के सबसे बड़ी सदन में बाबासाहेब के संविधान के कारण ही पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगर उन्हें बर्खास्त कर राष्ट्र से माफी नहीं मांगते तो हम समाजवादी इस आंदोलन को बड़े स्तर पर करेंगे और फिर सारी जिम्मेदारी गृहमंत्री अमित शाह की होगी। जितेंद्र यादव, इरशाद मंसूरी, हीरालाल विश्वकर्मा, आरिफ हबीब, श्रवण जायसवाल, नंदलाल यादव, वीरेंद्र यादव, सोचनराम विश्वकर्मा धीरज बिंद, नगर अध्यक्ष कमालुद्दीन अंसारी, प्रदेश सचिव भानु मौर्य, गुड्डू सोनकर जिलाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड, अजय श्रीवास्तव, राजा नवाब सहित अन्य सपाई उपस्थित रहे।

## सड़क पार करते समय ट्रेलर ने कुचला , मौत

जौनपुर । बरसठी बाजार में सड़क पार कर रहे व्यक्ति की ट्रेलर से कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने षव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बरसठी बाजार में आए संजय बनवासी पता अज्ञात की सड़क पार करते समय ट्रेलर से कुचलकर मौत हो गई। बाजार वासियों ने ट्रेलर को पकड़ा सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची है। ट्रेलर बंधवा से जमालापुर की तरफ जा रही थी। जैसे ही बाजार की मंडी पार की धनीपुर के समीप संजय बनवासी की सड़क पार करते समय ट्रेलर की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेलर ड्राइवर गाड़ी छोड़ कर मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया जा रहा है। ट्रेलर को भी कब्जे में पुलिस ले ली है।

## कर्बला की घटनाओं को जीवंत करते हैं अनीस के मर्सिए

जौनपुर । मशहूर शायर मीर बब्बर अली अनीस की 150वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी विद्वतापूर्ण और साहित्यिक सेवाओं को श्रद्धांजलि देने के लिए 'यादे मीर अनीस' कार्यक्रम का आयोजन मोहल्ला अजमेरी स्थित मरहूम सैयद अली शब्बर के मकान के इमामबाड़ा में किया गया। कार्यक्रम में मीर अनीस के जीवन, उनकी शायरी और मरसिए पर विशेष चर्चा हुई। उपस्थित विद्वानों ने अनीस की अद्वितीय लेखन शैली और उनके योगदान को अपने शब्दों में व्यक्त किया। मौलाना सैयद मोहम्मद शाजान जैदी ने कहा, मीर अनीस ने उर्दू के शोक काव्य (मरसिया) को अपनी रचनात्मकता से शिखर तक पहुंचाया। उन्होंने साबित किया कि उर्दू में उत्कृष्ट साहित्य केवल गजल तक सीमित नहीं है। अनीस आज भी उर्दू में सबसे ज्यादा पढ़े जाने वाले शायरों मे से एक है। अध्यक्षता करते हुए सैय्यद मोहम्मद मासूम ने कहा, अनीस के मर्सिए युद्धकला और कर्बला की घटनाओं का इतना जीवंत वर्णन करते हैं कि पाठक के मन में घटनाओं की सजीव छवि उभरती है। उनकी लेखन शैली में बिम्बात्मकता और मानवीय भावनाओं का गहरा प्रभाव है। मुफ्ती नजमुल हसन ने कहा, अनीस ने अपनी शायरी के माध्यम से जो मुकाम हासिल किया, वह बहुत कम शायरों को नसीब होता है। उन्होंने दरबारी शायर बनने से सख्ती से इंकार किया, जो उनकी आत्मनिर्भरता और साहित्यिक स्वतंत्रता को दर्शाता है। एहतेशाम रूधौलवी ने अनीस का लिखा हुआ एक मरसिया पढ़ा और कहा, अगर अनीस की विरासत को उर्दू से हटा दिया जाए, तो इसकी साहित्यिक गहराई आधी रह जाएगी। उनके मरसिए विश्व साहित्य में उर्दू भाषा की श्रेष्ठता को साबित करते हैं। मुफ्ती दानिश काजमी ने बताया कि भारत सरकार ने अनीस के सम्मान मे 1975 मे डाक टिकट जारी किया था। संचालन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने किया। इस अवसर पर कैफी मोहम्मदाबादी, हसन मुस्तफा कायम, वजीह आब्दी, सैयद मोहम्मद अब्बास, सैयद आमिर मेहंदी, आरिफ हुसैनी, अकबर अब्बास, मोहसिन रजा, अब्बास महमूद आदि उपस्थित थे।

## संजय उपाध्याय प्रबन्धक सभा के जिलाध्यक्ष नियुक्त

जौनपुर। अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय प्रबन्धक सभा उत्तर प्रदेश ने इण्टर कालेज मीठेपार संजय उपाध्याय को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री उपाध्याय को यह जिम्मेदारी मिलने से जिले के प्रबंधकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। कार्यकारणी अरविंद कुमार ने क्षेत्रीय सचिव एवं पूर्वांचल प्रभारी गजेन्द्र सिंह द्वारा प्रस्तुत प्रगति आख्या पर विचार विमर्श करने के बाद प्रादेशिक स्तर पर यह पाया गया

